# सीएम बोले– कांग्रेस को हर चीज़ दिखती गलत

**▶ जलगंगा अभियान की उपलब्धियों की लगेगी प्रदर्शनी**

**भोपाल,27 जुलाई. विधानसभा मानसून सत्र से पहले पाबंदियों पर मचे सियासी घमासान पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने तीखी प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने कहा,विधानसभा अध्यक्ष ऐसे निर्देश हमेशा देते हैं. 'जाकी रही भावना जैसी प्रभु मूरत तिन तैसी'... कांग्रेस को तो हर चीज़ में गलती नजर आती है. अगर आंख में कचरा चला जाए तो सारी दुनिया गंदी नजर आती है.**

> सत्र के पहले दिन विधानसभा के सेंट्रल हॉल में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर जल गंगा संवर्धन अभियान की प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे. 90 दिवसीय इस अभियान के तहत प्रदेश में 84,726 खेत तालाब, 1,04,276 कूप रिचार्ज पिट और 1,283 अमृत सरोवर बनाए गए. जल संचय में खंडवा देश में पहले नंबर पर रहा.

## प्रधानमंत्री का 'मन की बात' बना जन संवाद का प्रभावी माध्यम



**▶ भोपाल की 'सकारात्मक सोच' टीम और बुंदेलखंड के किलों का पीएम मोदी ने किया उल्लेख**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का भोपाल के वार्ड 50 स्थित गुलमोहर कॉलोनी में स्थानीय रहवासियों के साथ श्रवण किया.

इस अवसर पर उन्होंने बरगद का पौधा भी रोपा और प्रधानमंत्री के संदेशों पर प्रतिक्रिया व्यक्त की. मुख्यमंत्री ने कहा कि मन की बात देशवासियों से संवाद का प्रभावी मंच है, जो प्रेरणा और सकारात्मक ऊर्जा से भर देता है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मोदी ने इस बार के एपिसोड में मध्यप्रदेश की दो विशिष्टताओं का उल्लेख कर प्रदेश का गौरव बढ़ाया है. एक ओर भोपाल की महिला टीम सकारात्मक सोच की स्वच्छता के प्रति जागरूकता को सराहा, वहीं बुंदेलखंड के ऐतिहासिक किलों की सांस्कृतिक गरिमा की चर्चा की.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि भोपाल की सीमा से लगे रायसेन में विशाल रेल कोच निर्माण इकाई की स्थापना की जा रही है. इसका भूमि पूजन 10 अगस्त को होगा. यह इकाई रोजगार और औद्योगिक विकास का नया द्वार खोलेगी. भोपाल के समीप स्थित रातापानी टाइगर रिजर्व को अब डॉ. विष्णु श्रीधर वाकणकर अभयारण्य के नाम से जाना जाएगा.

> **भोपाल की स्वच्छता को मिली पहचान**
>
> प्रधानमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि भोपाल की एक टीम 'सकारात्मक सोच' में 200 महिलाएं हैं, जो न सिर्फ सफाई करती हैं बल्कि सोच बदलती हैं. 17 पार्कों की सफाई, कपड़े के थैले बांटना–इनका हर कार्य एक संदेश देता है. मुख्यमंत्री ने भोपालवासियों को बधाई देते हुए कहा कि स्वच्छता में मिली रैंकिंग प्रदेश के लिए गर्व की बात है. प्रधानमंत्री ने ग्वालियर, झांसी, दतिया, अजयगढ़, गढ़कुंडार और चंदेरी जैसे किलों का उल्लेख करते हुए उन्हें भारतीय संस्कृति का प्रतीक बताया. उन्होंने देशवासियों से इन स्थलों की यात्रा कर इतिहास से जुड़ने की अपील की.



## भाजपा का एक गुट नदारद रहा विजयवर्गीय की पार्टी में!

नवभारत सियासत – इंदौरीलाल

इंदौर भाजपा की गुटबाजी निजाम बदलने के बावजूद समाप्त नहीं हुई है. पचमढ़ी प्रशिक्षण शिविर में भाजपा के संगठन पुरुषों ने एकता के अनेक मंत्र दिए थे. उसमें से एक यह भी था कि प्रत्येक जनप्रतिनिधि अपने यहां भोजन या नाश्ते का आयोजन करेगा. इस गेट टू गेदर में जिले और मंडल के सभी पदाधिकारी जनप्रतिनिधि और नेता निमंत्रित रहेंगे.

इंदौर जिले में इसकी शुरुआत करते हुए कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने एक लंच पार्टी आयोजित की. इसमें दाल बाटी की मेजबानी रखी गई. सूत्रों के अनुसार विजयवर्गीय की ओर से सभी भाजपा विधायकों, पूर्व स्पीकर सुमित्रा ताई, सांसद शंकर लालवानी, राज्यसभा सदस्य कविता पाटीदार,

महापौर पुष्यमित्र भार्गव, जिला पंचायत अध्यक्ष रानी मालवीय, नगर भाजपा अध्यक्ष सुमित मिश्रा और ग्रामीण भाजपा अध्यक्ष श्रवण सिंह चावड़ा सहित सभी प्रमुख नेताओं का आमंत्रित किया गया था, लेकिन इसमें पूर्व स्पीकर सुमित्रा ताई, विधायक मालिनी गौड़, उषा ठाकुर और मनोज पटेल शामिल नहीं हुए. जाहिर है भाजपा की गुटबाजी लगातार पिछले तीन दशकों से जारी है. 80 और 90 के दशक में राजेंद्र धारकर, विष्णु शुक्ला बड़े भैया, प्रकाश सोनकर एक तरफ होते थे तो दूसरी तरफ निर्भय सिंह पटेल, नारायण राव धर्म और भेरुलाल पाटीदार जैसे नेता रहते थे. कृष्ण मुरारी मोघे के 1988 में संभागीय संगठन मंत्री बनने के बाद यह गुटबाजी ताई–मोघे गुट बनाम बड़े भैया–प्रकाश सोनकर गुट में बदल गई. 2005 में शिवराज सिंह चौहान के मुख्यमंत्री रहते हुए लंबे समय तक ताई और भाई (कैलाश विजयवर्गीय) के बीच राजनीतिक अदावत जारी रही.

इंदौर जिले में यह गुटीय विभाजन बदस्तूर जारी है. हालांकि मुख्यमंत्री के समक्ष सभी नेता एक नजर आते हैं लेकिन बाकी समय गुटबाजी स्पष्ट रूप से देखी जा सकती है. कैलाश विजयवर्गीय की हाल की पार्टी में भी यही नजारा नजर आया.

# 4,300 करोड़ का नया कर्ज ले रही सरकार!

### हर नागरिक पर 55,000 का कर्ज, फिर भी जारी 'सरकारी लक्ज़री'

**भोपाल,27 जुलाई. मध्यप्रदेश की मोहन सरकार एक बार फिर बड़े कर्ज के घेरे में कदम रखने जा रही है. कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि राज्य सरकार 4,300 करोड़ का नया कर्ज लेने जा रही है, जिसके लिए रिज़र्व बैंक ऑफ इंडिया में गवर्नमेंट सिक्योरिटीज की बिक्री की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है.**

यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब राज्य पहले से ही भारी वित्तीय दबाव में है और कर्ज का कुल बोझ 4.50 लाख करोड़ से अधिक हो चुका है. विशेषज्ञों के मुताबिक, मोहन सरकार के कार्यकाल में कर्ज लेने की रफ्तार काफी तेज़ हुई है. हर महीने औसतन 5,000 करोड़ का नया कर्ज लिया जा रहा है. इसके चलते अब प्रदेश का हर नागरिक औसतन



55,000 से अधिक के कर्ज तले दबा हुआ है.

जहां एक ओर प्रदेश वित्तीय संकट से जूझ रहा है, वहीं दूसरी ओर सरकार के खर्च में कोई कटौती नहीं दिख रही. कर्ज लेने के साथ–साथ 'सरकारी लक्जरी' भी जारी है. हाल ही में सरकार ने एक नया हवाई जहाज खरीदा है, मंत्रियों के लिए नई लग्जरी गाड़ियां खरीदी गई हैं और बंगलों का रंग–रोगन एवं साज–सज्जा पर करोड़ों रुपए खर्च किए जा रहे हैं,इस पर कांग्रेस लगातार सवाल उठा रही है. पार्टी का आरोप है कि सरकार द्वारा लिया जा रहा कर्ज जनहित में कम, घोटालों और कमीशन में ज़्यादा जा रहा है.

> विपक्ष ने विशेष रूप से परिवहन विभाग में बड़े स्तर पर हुए कथित घोटाले का ज़िक्र करते हुए कहा कि सरकारी धन और जनता की मेहनत की कमाई को अपारदर्शी तरीके से खर्च किया जा रहा है. कांग्रेस का कहना है कि भूखी भाजपा का पेट भरने के लिए जनता को महंगे कर्ज की कीमत चुकानी पड़ रही है. प्रदेशवासियों से कांग्रेस ने अपील करते हुए कहा है कि बार–बार चेताया जा रहा है. यह सरकारी पर्ची बहुत महंगी है. यदि अब भी जनता नहीं जागी तो आने वाले वर्षों में प्रदेश का आर्थिक संतुलन पूरी तरह से चरमरा सकता है.

## भोपाल–इंदौर हाईवे पर युवक–युवती ने खाया ज़हर एक मौत

**सीहोर.** सीहोर के नजदीक भोपाल–इंदौर हाईवे पर एक कार में एक युवक–युवती के बेसुध पाए जाने पर हड़कंप मच गया. राहगीरों की सूचना पर पुलिस और एंबुलेंस ने दोनों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां युवती को मृत घोषित कर दिया गया. युवक की हालत नाजुक होने के चलते उसे भोपाल रेफर कर दिया गया. पुलिस के अनुसार प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई है कि दोनों ने संभवत: जहरीला पदार्थ खाया है. मृत युवती का नाम काजल और युवक का नाम विजय (23) बताया गया है.

# मौजूदा बारिश का प्रबंधन, सिंहस्थ की दृष्टि से बना मिशन

### बाढ़ प्रबंधन के मद्देनजर, कलेक्टर ने मैदान में उतारी टीम, शनि मंदिर स्थित त्रिवेणी घाट से शुरू हुआ अवलोकन, नदी नाले जल जमाव की देखी स्थितियां

नवभारत न्यूज

**उज्जैन. रविवार को एसडीएम एल.एन. गर्ग, कृतिका भीमावद से लेकर जल संसाधन और पीएचई के अधिकारी कर्मचारी त्रिवेणी घाट पहुंचे और शनि मंदिर से नदी नालों की स्थितियों को जाना, किस प्रकार से बारिश का पानी व नदी का पानी निचली बस्तियों में समाहित होता है और समस्या उत्पन्न होती है.**

बारिश का दौर भले ही प्रारंभ हो चुका है. बावजूद इसके अभी उतनी बरसात नहीं हुई, जितनी कि अब तक होनी चाहिए थी. यही कारण है की हल्की–फुल्की बारिश में नाले उफनने लगे हैं. जल जमाव की परिस्थितियां निर्मित हो रही है, ऐसे में उज्जैन कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने अधिकारियों की टीम बनाई है और मैदानी हकीकत जानने के लिए उन्हे भेजा है.

### सिंहस्थ तक 2 बरसात बाकी

नवभारत से चर्चा में उज्जैन कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने बताया कि सिंहस्थ 2028 की तैयारी युद्ध स्तर पर चल रही है,+ इधर बरसात भी प्रारंभ हो गई है. ऐसे ही आने वाले कुंभ तक 2 बरसात का दौर और आएगा. यही कारण है कि अधिकारियों की टीम बनाई गई है जो मौका मुआयना कर रही है.



### बरसात का निरीक्षण सिंहस्थ का मिशन

जिलाधीश रोशन कुमार सिंह ने बताया कि कहां–कहां बरसात में जल जमाव की शिकायत आ रही है और नदी का पानी बरसात का पानी कहां एकत्रित हो रहा है, यदि कहीं समस्या है तो अभी से उसका समाधान किया जाएगा और यही परीक्षण सिंहस्थ में काम आएगा. शहर में ऐसी कई निचली बस्तियां है जहां घरों तक पानी समाहित होता है. उसकी रोकथाम किए जाने के लिए पृथक से टीम बनाई गई है.

> **इन नीचीली बस्तियों में जल जमाव**
>
> जल भराव की समस्या जहाँ अधिक होती है. उसमें नानाखेड़ा क्षेत्र, एकता नगर, शांति नगर, चाण्क्यपुरी, मंछामन कॉलोनी, हनुमान नाका, अम्बर कॉलोनी क्षेत्र की सड़क और नालियां लबालब हो जाती है ऐसी समस्याओं का समाधान भी ढूंढा जा रहा है. विश्व बैंक कॉलोनी, ढांचा भवन गांधीनगर क्षेत्र में भी बरसात में समस्या उत्पन्न होती है.

### घाट से लेकर कॉलोनी तक

एसडीएम एलएन गर्ग और एसडीएम कृतिका भीमावद ने बताया कि रविवार को अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारियों को साथ लेकर बारीकी से निरीक्षण किया गया है. बरसात का पानी यदि कहीं समस्या बना हुआ है तो तत्काल उसका निराकरण करने के आदेश दिए गए हैं. घाट से लेकर आसपास की कॉलोनी का अवलोकन भी किया गया है.

### आपदा प्रबंधन बाढ़ नियंत्रण कक्ष बनाया

होमगार्ड अधिकारी संतोष जाट पीडब्ल्यूडी और जल संसाधन के अधिकारी कर्मचारियों ने भी अफसरों के साथ दौरा किया.

> **सिंहस्थ के लिए वृहद योजना**
>
> नगर निगम आयुक्त आशीष पाठक में चर्चा में बताया कि सिंहस्थ 2028 को लेकर नगर निगम ने एक वृहद योजना तैयार की है, जो सीवरेज की समस्या से स्थानीय रहवासियों सहित कुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं को निजात दिलाएगा. टाटा प्रोजेक्ट लगभग खत्म होने को है. वहीं सिंहस्थ मेला क्षेत्र में अलग से योजना का क्रियान्वयन किया जाएगा, जिससे जनता को परेशानी नहीं होगी. कचरा प्रबंधन भी इसी योजना का एक रूप है, जिस पर काम किया जा रहा है. बरसात के मद्देनजर नाले नालियों को भी साफ कराया जा रहा है.

आपदा प्रबंधन, बाढ़ प्रबंधन के कक्ष बनाए गए हैं. अस्थाई कंट्रोल रूम बनाकर लोगों की समस्या का समाधान बरसात के दौरान किया जा रहा है.



## सुरक्षा के लिए चला विशेष अभियान

जूनियर रिपोर्टर


**भोपाल, 27 जुलाई. पश्चिम मध्य रेलवे, भोपाल मंडल द्वारा बीना और इटारसी स्टेशनों पर यात्रियों की सुरक्षा, अनधिकृत गतिविधियों पर नियंत्रण और जनजागरूकता के लिए विशेष अभियान चलाया गया.**

अभियान का नेतृत्व रेल सुरक्षा बल की टीमों ने किया. बीना स्टेशन पर सहायक उप निरीक्षक हसन खान कुमार और उनकी टीम ने प्लेटफार्म और ट्रेनों का निरीक्षण कर संदिग्ध और अनधिकृत व्यक्तियो को परिसर से हटाया यात्रियों को अलार्म चेन पुलिंग का दुरुपयोग न करने, चलती गाड़ी में चढ़ने–उतरने से बचने और जहरखुरानी जैसी घटनाओं से सतर्क रहने की सलाह दी गई.

# इंदिरा सागर और ओंकारेश्वर बांध के गेट खोले

**खंडवा, 27 जुलाई. मध्यप्रदेश में भारी वर्षा के चलते नर्मदा नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है, ऐसे में बाढ़ को नियंत्रित करने के लिए आज खंडवा जिले स्थित इंदिरा सागर और ओंकारेश्वर बांध के गेट खोल दिए गए.**

साथ ही ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग में नौकायन पर प्रतिबंध लगाने के साथ ही घाट पर भी स्नान से श्रद्धालुओं को रोका जा रहा है. श्रावण मास और कांवड़ यात्रा के चलते ओंकारेश्वर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है. ऐसे में नर्मदा घाट पर दुर्घटना रोकना प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती बन गयी है.



> इधर इंदिरा सागर बांध से पानी छोड़े जाने के कारण ओंकारेश्वर बांध का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। ओंकारेश्वर बांध परियोजना प्रमुख धीरेंद्र कुमार द्विवेदी ने बताया कि डेम के 9 गेट खोले गए है। नर्मदा बेसिन के अपस्ट्रीम में काफी वर्षा है इसलिए मंडला होते हुए होशंगाबाद ,हंडिया और इंदिरा सागर से होते हुए जल की आवक ज्यादा है।

भारी वर्षा के कारण जबलपुर स्थित बरगी और नर्मदापुरम स्थित तवा बांध के गेट खोलने से नर्मदा में अचानक बाढ़ की स्थिति निर्मित हो गई है. इसके चलते खंडवा के दोनों बांधो इंदिरा सागर बांध और ओंकारेश्वर बांध के गेट आज खोले गए है.

इंदिरा सागर बांध परियोजना प्रमुख अजित कुमार ने बताया कि नर्मदानगर में आज सुबह चार बजे इंदिरा सागर बांध के दस गेट आधा मीटर और दो गेट एक मीटर खोलकर गेट से 1620 क्यूमेक्स का डिस्चार्ज किया जा रहा है. बरगी और तवा डेम से पानी छोड़े जाने के कारण इसका लेवल लगातार बढ़ रहा है.




## विंध्य में पर्यटन की नई पहल रीवा में रीजनल टूरिज्म रोड शो का समापन

**रीवा/भोपाल,27 जुलाई . मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा आयोजित दो दिवसीय रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव का समापन रविवार को रीवा में हुआ. विंध्य की सांस्कृतिक विरासत, प्राकृतिक सौंदर्य और पर्यटन संभावनाओं को लेकर आयोजित इस सम्मेलन में विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ, निवेशक, टूर ऑपरेटर्स और होटल इंडस्ट्री के हितधारक शामिल हुए.**

उद्घाटन सत्र में उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि पर्यटन को आधार बनाकर प्रदेश की अर्थव्यवस्था, रोजगार और सांस्कृतिक गौरव को सशक्त किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि पर्यटन, उद्योग और अधोसंरचना के समन्वित विकास से विंध्य जैसे क्षेत्रों को राष्ट्रीय–अंतरराष्ट्रीय मानचित्र पर लाया जा सकता है. पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने कहा कि हेली सेवा शुरू होने जा रही है और पीएम वायु सेवा के अंतर्गत प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों को जोड़ा जा रहा है.

उन्होंने बताया कि पर्यटन नीति में निवेश प्रक्रियाएं सरल की गई हैं, और सिंगल विंडो सिस्टम से सुविधाएं दी जा रही हैं. प्रमुख सचिव शिव शेखर शुक्ला ने बताया कि गंगा से नर्मदा कॉरिडोर के ज़रिए यूपी–एमपी के धार्मिक स्थलों को जोड़ा जा रहा है. यह परियोजना धार्मिक, सांस्कृतिक और स्वास्थ्य पर्यटन को गति देगी. उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश पर्यटन सिर्फ आर्थिक नहीं,सामाजिक और सांस्कृतिक समावेश का माध्यम भी है.

> **▶ पर्यटक घर बैठे टिकट और स्टे बुक कर सकेंगे**
>
> एमपीएसटीडीसी के एमडी डॉ. इलैयाराजा टी ने कहा कि मूलभूत सुविधाएं, ठहरने की बेहतर व्यवस्था और आसान बुकिंग जैसे डिजिटल समाधान विकसित किए जा रहे हैं. पर्यटक घर बैठे टिकट और स्टे बुक कर सकेंगे. अपर प्रबंध संचालक बिदिशा मुखर्जी ने कहा कि बोर्ड समावेशी, जिम्मेदार और सतत पर्यटन मॉडल की दिशा में कार्य कर रहा है. महिला गाइड, ग्रामीण होमस्टे, लोक कला–शिल्प और ईको–फ्रेंडली संरचनाओं पर विशेष फोकस है.

**आज मानसून सत्र ▶ इस बार हंगामेदार होगा विधानसभा सत्र, उठेंगे कई मसले**

# खाद संकट को लेकर स्थगन पर चर्चा की मांग कर सकती है विपक्ष

कन्हैया लोधी

**भोपाल, 26 जुलाई. मप्र विधानसभा का मानसून सत्र बेहद हंगामेदार रहने के आसार है. इस सत्र के लिये सत्ता पक्ष और विपक्ष ने अपनी रणनीतियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है. मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस विधायक दल की बैठक जहां कल रविवार को होगी, वहीं सत्ता पक्ष भाजपा के विधायक दल की बैठक सत्र के पहले दिन यानी सोमवार को होने की संभावना है. इस बीच मिले संकेतों के मुताबिक विपक्ष सत्र के दौरान प्रदेश में खाद संकट के साथ ही कानून–व्यवस्था की स्थिति को लेकर स्थगन पर चर्चा की मांग कर सकती है.**

विधानसभा का मानसून सत्र 28 जुलाई से आहुत किया गया है, जो कि 8 अगस्त तक संचालित होगा. इस दौरान कुल 10 बैठकें होना तय किया गया है, लेकिन 9 अगस्त को रक्षाबंधन पर्व है. ऐसे में 8 के बजाय सत्रावसान 7 अगस्त को ही हो सकता है. सत्र के दौरान सरकार वित्तीय वर्ष 2025–26 की अवधि के लिये प्रथम अनुपूरक बजट पेश करेगी, ये सत्र के दौरान सरकार का सबसे बड़ा बिजनेस होगा, वहीं इस अवधि में कम से कम चार विधेयक भी पेश होंगे. अनुपूरक बजट 30 जुलाई को पेश किया जा सकता है. सत्र की तैयारियों के लिये मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अब तक दो बार अफसरों के साथ बड़ी बैठक कर चुके हैं, जिसमें उन्होंने सत्र के लिये सभी जरुरी तैयारियां समय पर करने के लिये नसीहत दे चुके हैं. सत्र के दौरान सत्ताधारी दल विपक्ष के किसी भी आरोपों का आक्रामक तरीके से जवाब देगी, इस संबंध में भी रणनीति तैयार कर ली गई है. विपक्ष के किसी भी आरोप का तथ्यों के साथ जवाब देने की तैयारी की गई है, जिससे कि विपक्ष को ही बैकपुट पर धकेला जा सके.

**मंत्री को घेरने से बचेंगे सत्ता पक्ष के विधायक** :मिले संकेतों के मुताबिक भाजपा विधायक दल की बैठक 28 जुलाई को ही मुख्यमंत्री निवास में होने की संभावना है. इस बैठक में ही सरकार की रणनीति का खुलासा मंत्री और विधायकों के सामने किया जाएगा. इस दौरान सत्ता पक्ष के विधायकों को इस संबंध में संदेश दे दिया गया है कि वे सरकार को कटघरे में खड़ा करने वाले सवालों से बचें. सदन में सवाल–जवाब के दौरान मंत्री को घेरने से बचें. बताया जा रहा है कि सत्ताधारी दल इस बार ऐसे विधायकों की सूची तैयार करेगी, जो कि सरकार के सामने परेशानी खड़ा करते हैं. लिहाजा सदन में सत्ता पक्ष के विधायक अपने क्षेत्र से जुड़े विषयों और समस्याओं को लेकर कितने मुखर होंगे, ये देखना दिलचस्प होगा.

> **धर्मांतरण, ड्रग माफिया का मामला उठा सकता है विपक्ष**
>
> राजधानी भोपाल समेत प्रदेश में एक धर्म विशेष के आरोपियों द्वारा हिंदू बेटियों का धर्म परिवर्तन कराने की कोशिश और फिर उनका शारीरिक शोषण करने के मामले को भी प्रमुखता से उठा सकती है. आरोपियों के साथ प्रदेश के कुछ मंत्रियों और विधायकों के साथ तस्वीर सोशल मीडिया में लगातार सुर्खियों में है. ऐसे में विपक्ष सरकार से इस मामले में सवाल पूछ सकती है. इसी तरह ड्रग्स माफिया के साथ भी कुछ मंत्रियों की तस्वीर सोशल मीडिया में लगातार बनी हुई है. ऐसे में विपक्ष मंत्रियों की आरोपियों के साथ मिलीभगत के मुद्दे को भी प्रमुखता से उठा सकती है. इसके अलावा विधानसभा सचिवालय का एक आदेश जिसमें विधायकों के विधानसभा परिसर में प्रदर्शन और नारेबाजी पर रोक लगाई गई है.

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशुतोष उपाध्याय द्वारा 6/54, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स, इंदौर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , फिरोज गांधी प्रेस कॉम्प्लेक्स इंदौर से मुद्रित. समूह संपादक क्रांति चतुर्वेदी*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन/फैक्स– 4096718 RNI Reg. No.7390/60